संपादकीय

शांति की दिशा में

अफगानिस्तान सरकार, तालिबान और अफगान समाज के कुछ अन्य प्रतिनिधियों में अपने देश के भविष्य का एक खाका तैयार करने पर सहमति बन गई है। तालिबान हिंसात्मक गतिविधियां कम करने के लिए राजी हो गए हैं। कतर की राजधानी दोहा में हुई दो दिवसीय वार्ता के बाद मंगलवार को एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया गया जिसमें सभी पक्षों ने गृहयुद्ध समाप्त करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर बल दिया। इसके साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में महिलाओं के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करने की बात भी कही।

जर्मनी और कतर के प्रयासों से हुई इस वार्ता में कुछ सरकारी अधिकारियों समेत 60 सदस्यीय अफगान प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया था। हालांकि अफगान अधिकारी सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इसमें शामिल नहीं हुए थे। अमेरिका ने कहा है कि सितंबर में अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं, इससे पहले वह तालिबान के साथ एक राजनीतिक समझौता करना चाहता है, ताकि विदेशी सुरक्षा बलों की वापसी शुरू हो सके। समझौते का आधार यह है कि अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से सुरक्षित और शांतिपूर्वक निकल जाएगी लेकिन बदले में विद्रोहियों को गारंटी देनी होगी कि न तो वे अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल अलकायदा जैसी बाहरी ताकतों को करने देंगे, न ही खुद दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए खतरा बनेंगे। शांति की दिशा में यह निश्चय ही एक अहम कदम है लेकिन आगे की राह अब भी आसान नहीं है। तालिबान वार्ता की मेज पर इसलिए आए हैं ताकि अपनी परंपरागत छवि से बाहर निकल सकें और अपने देश की मुख्यधारा की शक्ति के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर सकें। हालांकि यह भी सच है कि तालिबान लड़ाके 18 साल लंबी लड़ाई से थक चुके हैं और उन्हें आईएसआईएस जैसे संगठनों से चुनौती भी मिलने लगी है। तालिबान संगठन अफगान सरकार को मान्यता नहीं देता। वह उसे अमेरिका की कठपुतली सरकार बताता है और मौजूदा संविधान को स्वीकार नहीं करता। ऐसे में सवाल यह है कि वर्तमान सत्ता और तालिबान को मिलाकर अफगानिस्तान का राजनीतिक ढांचा कैसा बनेगा? उससे पहले यह कि सरकार और तालिबान में संवाद की स्थिति कैसे बनेगी? इन दोनों से बड़ा सवाल है कि क्या यह समझौता जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा? यह तभी संभव है जब अफगान जनता के सरोकार और चिंताएं इसमें शामिल हों। राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देशवासियों को भरोसा दिया है कि अमन कायम करने के नाम पर उनके अधिकारों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। देखना है, धुर-कट्टरपंथी तालिबान अपने मुल्क में जनतंत्र, मानवाधिकार, स्त्री स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों पर अपने पुराने रवैये में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शांति प्रक्रिया अफगानिस्तान को फिर एक कठमुल्ले समाज की ओर न धकेल दे।

कर्ज पर अनिल अंबानी की 2 कंपनियों को मिली राहत

मुंबई (आरएनएस)। अनिल अंबानी की कंपनियों रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर को कर्ज से जुड़े उनके मसले सुलझाने के लिए लेंडर्स ने और समय दे दिया। इस राहत के कारण दोनों कंपनियों के शेयर गुरुवार को चढ़े। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने अपने सभी लेंडर्स के साथ एक इंटर-क्रेडिटर अग्रीमेंट (ढ्ढष्ट) किया, वहीं रिलायंस पावर ने अपने सामलकोट प्रॉजेक्ट के 2430 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए यूएस एग्जिम बैंक से डेट रीस्ट्रक्चरिंग अग्रीमेंट होने का ऐलान किया।

दोनों कंपनियां लिक्विडिटी की तंगी से जूझ रही हैं। इससे कर्ज चुकाने मे उन्हें मुश्किल हो रही है। ग्रुप की एक अन्य कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस का मामला अभी इनसॉल्वेंसी से जुड़ी अदालत में है, वहीं लिक्विडिटी से जुड़ी समस्या का सामना कर रही रिलायंस

कैपिटल की क्रेडिट रेटिंग घटाई जा चुकी है।

लेंडर्स से हुए अग्रीमेंट से रिलायंस इन्फ्रा का शेयर बीएसई पर करीब 11त्न चढ़कर 51 रुपये पर पहुंच गया। पिछले सालभर में इस शेयर में 37.30 रुपये से 488.50 रुपये के बीच ट्रेड हुआ है। रिलायंस पावर का शेयर 5.5त्न चढ़कर 4.21 रुपये पर पहुंच गया। पिछले 52 हफ्तों में इसमें 3.95 रुपये से 39.25 रुपये के बीच ट्रेड हुआ है।

रिलायंस इंफ्रा ने अपने 16 लेंडर्स के साथ आईसीए किया। इससे कंपनी को अपना डेट क्राइसिस सुलझाने के लिए 180 दिनों का समय मिल गया। कर्जदार अगर बकाया चुकाने की हालत में न हो तो आईसीए के जरिए स्ट्रेस्ड ऐसेट्स के रिजॉल्यूशन के नियम तय किए जाते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को 180 दिनों की डेडलाइन के भीतर रिजॉल्यूशन प्लान लागू करने का भरोसा है। कंपनी ने साल 2020 तक कर्ज मुक्त होने का लक्ष्य रखा है और वह लोन चुकाने की खातिर पैसा जुटाने के लिए अपनी असेट्स बेचने की योजना बना रही है।

रिलायंस पावर के मामले में यूएस एग्जिम बैंक ने अमॉर्टाइजिंग रीपेमेंट शेड्यूल को बुलेट रीपेमेंट्स में बदलने और फाइनल लोन मच्योरिटी को 2019-20 की पहले की टाइमलाइन से बढ़ाकर जून 2022 तक करने पर सहमति जताई है। कंपनी के एक सूत्र ने बताया कि बैंक मुश्किल में फंसे प्रॉजेक्ट के लिए ब्याज दर 2.65त्न सालाना बनाए रखने पर राजी हो गया है।

बीते वित्त वर्ष में सूक्ष्म वित्त उद्योग का कुल ऋण 40 प्रतिशत बढ़कर 1,78,587 करोड़ पर

नईदिल्ली (आरएनएस)। सूक्ष्म वित्त उद्योग का कुल ऋण पोर्टफोलियो 2018-19 में 40 प्रतिशत बढ़कर 1,78,587 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इक्विफैक्स और सिडबी की संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष दस शहरों का सूक्ष्म ऋण में हिस्सा 83 प्रतिशत का रहा। वित्त वर्ष 2017-18 में उद्योग का कुल ऋण पोर्टफोलियो 1,27,223 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष दस राज्यों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु का कुल ऋण में हिस्सा 34.7 प्रतिशत का रहा। इसके बाद बिहार और कर्नाटक का पोर्टफोलियो 15,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। बीते वित्त वर्ष में सूक्ष्म ऋण में सबसे अधिक 54 प्रतिशत की वृद्धि बिहार में दर्ज हुई। सिडबी के चेयरमैन मोहम्मद मुस्तफा ने कहा, ''कुल सूक्ष्म वित्त पोर्टफोलियो में वृद्धि उत्साहजनक है।'' बीते वित्त वर्ष में नए ऋण का वितरण इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 36 प्रतिशत बढ़कर 2,13,074 करोड़ रुपये रहा। वहीं मात्रा के हिसाब से वितरण करीब 20 प्रतिशत बढ़ा। एनबीएफसी-एमएफआई का सूक्ष्म ऋण पोर्टफोलियो में सबसे बड़ा हिस्सा है। उसका कुल बकाया ऋण 68,156 करोड़ रुपये है जो कुल उद्योग के पोर्टफोलियो का 38 प्रतिशत है।

देश की चौथी सबसे बड़ी प्राइवेट इंटरनेट कंपनी बनी बायजूज

बेंगलुरु (आरएनएस)। एजुकेशन टेक्नॉलजी कंपनी बायजूज ने कतर सरकार के फंड की अगुवाई में 15 करोड़ डॉलर का फंड जुटाया है। निवेश के इस दौर में सैन फ्रांसिस्को की आउल वेंचर्स भी शामिल हुई। सूत्रों के मुताबिक, इस सौदे में कंपनी की कीमत 5.7 अरब डॉलर हो गई। इससे फ्लिपकार्ट, पेटीएम और ओला के बाद बायजूज देश की चौथी सबसे कीमती

निजी इंटरनेट कंपनी बन गई। पिछले एक साल में निवेश के हर दौर में कंपनी का वैल्यू बढ़ी है।

पिछले साल के आखिर में कंपनी ने प्राइवेट इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक से 2.5 करोड़ डॉलर का फंड जुटाया था, तब इसकी कीमत 3.6 अरब डॉलर से बढ़कर 5.4 अरब डॉलर हो गई थी। इससे बायजूज के संस्थापक रवींद्रन नए जमाने के सबसे अमीर उद्यमियों में शामिल हो गए थे। उनके पास कंपनी के 36 पर्सेंट शेयर हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1.9 अरब डॉलर है।

बेंगलुरु की कंपनी ने बताया कि हाल में जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल वह अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार के लिए करेगी। वह ऐसे प्रॉडक्ट्स बनाएगी, जिनसे विदेशी छात्रों को कंपनी के प्लैटफॉर्म से जोड़ा जा सके। कंपनी ने हाल ही में डिज्नी के साथ साझेदारी में के-3 के बच्चों के लिए डिज्नी बायजूज अर्ली लर्न ऐप लॉन्च किया है। इसे खासतौर पर अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया को ध्यान में रखकर लाया गया है।

सेमीफाइनल में हार के बाद मैनचेस्टर में ही फंसे भारतीय खिलाड़ी

बर्मिंघम (आरएनएस)। भारत का आईसीसी विश्व कप-2019 से बाहर जाना सभी के लिए हैरानी वाली बात थी। इस बात की उम्मीद किसी ने नहीं की थी। कम से कम भारतीय टीम को देखकर तो ऐसा ही लगता है। इस अप्रत्याशित हार के बाद भारतीय टीम मैनचेस्टर में ही फंस गई है और टीम यहां रविवार तक रहेगी। एक सूत्र ने कहा कि टीम के लिए वापसी के टिकट बुक कर लिए हैं और खिलाड़ी रविवार तक मैनचेस्टर में ही रहेंगे।

सूत्र ने कहा, कई खिलाड़ी 14 जुलाई तक मैनचेस्टर में ही रहेंगे और इसके बाद यहां से निकलेंगे। कल हार के बाद टीम के वापसी के टिकट बुक कर लिए हैं। भारत को अब विश्व कप के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करना है और इस दौरे पर कप्तान विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है। यह दोनों हालांकि टेस्ट सीरीज के लिए टीम में लौट आएंगे।

भारत को बुधवार को आईसीसी विश्व कप-2019 के पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा था।

लगातार दूसरे दिन घटे डीजल के दाम, पेट्रोल के भाव स्थिर

नईदिल्ली (आरएनएस)। डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई जबकि पेट्रोल के भाव लगातार तीसरे दिन स्थिर रहे। तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के भाव दिल्ली और मुंबई में 10 पैसे जबकि कोलकाता में छह पैसे और चेन्नई में 11 पैसे प्रति लीटर कम किए हैं। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में शुक्रवार को पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 72.90 रुपये, 75.12 रुपये, 78.52 रुपये और 75.70 रुपये प्रति लीटर बने रहे जबकि चारों महानगरों में डीजल के दाम घटकर क्रमशः 66.24 रुपये, 68.31 रुपये और 69.43 रुपये और 69.96 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में डीजल के दाम में इस सप्ताह 45 पैसे प्रति लीटर की कमी आई है जबकि पिछले सप्ताह की वृद्धि के बाद पेट्रोल के भाव में महज छह पैसे की कटौती की गई है।

आज का राशिफल

मेषः- राशि स्वामी मृगशिरा के प्रथम चरण पर चल रहा है। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। बृहस्पति वृश्चिक राशि पर मार्गी होगा।

वृषभः- आज संपत्ति सुख में विस्तार होगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन उन्नति के साथ होगा। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

मिथुनः- नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। रहन-सहन खान पान का स्तर बढ़ेगा, नए सुन्दर वस्त्रों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

कर्कः- आज पश्चिम दिशा की ओर राजकीय यात्रा का योग है। संतान सुख में वृद्धि तथा कहीं से वस्त्रादि का उपहार मिलेगा। सायंकाल से रात्रि तक अध्ययन, पठन-पाठन में मन लगेगा।

सिंहः- घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता व व्यस्तता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे।

कन्याः- कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में यथोचित वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी। संतान पक्ष से भी उच्च शिक्षा, शोध आदि में सार्थक परिणाम मिलेंगे।

तुलाः- आज आपकी इच्छा के विरूद्ध कोई कार्य हो सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सर्वत्र सुख शान्ति रहेगी। अकस्मात् अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिकः- राशि का स्वामी मंगल नवम में, कर्क राशि का होकर शुक्र से एकादश योग बना रहा है। बहुत समय से रुका हुआ धन किसी महापुरुष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा।

धनुः- राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से द्वादश भाव में मार्गी हो रहा है। प्रथम भाव में शनि भी कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा।

मकरः- मिथुन राशि पर शुक्र तथा सूर्य राज्य, मान, प्रतिष्ठा की वृद्धि कर रहा है। एकादश भाव में गुरु उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।

कुंभः- आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी।

मीनः- आज आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रखरखाव में खर्च बढ़ेगा।

ई-वाणिज्य कारोबार में दस्तक देगा बैंक ऑफ बड़ौदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सार्वजिनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की अपने ग्राहकों के लिए एक ऑनलाइन बाजार-मंच शुरू करने की योजना है, जिस पर बैंक सेवाएं तथा कृषि संबंधित उत्पादों की पेशकश की जाएगी। बैंक ने कैटलॉग प्रबंधन, खरीद प्रबंधन, कीमत निर्धारण, प्रचार-प्रसार और अन्य इससे जुड़ी सेवाओं के लिये सहायता उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल वाणिज्य-मंच आपूर्ति में भागीदारी के लिए इच्छुक इकाइयों से बोलियां आमंत्रित की हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि वह ग्राहकों की दैनिक जरूरतों और उनकी जीवनचर्या से जुड़ी विभिन्न खंडों के लिए उपयोगी उत्पादों की आपूर्ति के लिए मंच तैयार करने साथ-साथ अपनी ऑनलाइन डिजिटल कारोबार क्षमता को बढ़ाने को लेकर गंभीर है। बीओबी द्वारा जारी निविदा के अनुसार वह डिजिटल वाणिज्य मंच की आपूर्ति के लिए भागीदारी की तलाश कर रहा है।

बैंक ने कहा कि वह अपने ई-वाणिज्य मंच पर विभिन्न प्रकार की बैंक सेवाओं और कृषि संबंधी उत्पादों की पेशकश पर गौर करेगा। कृषि श्रेणी में बैंक का कृषि फसल कर्ज, कृषि मशीनरी, उपकरण, बीज और उर्वरकों की पेशकश का प्रस्ताव है।

इसके अलावा बैंक सोना के बदले कर्ज, सभी प्रकार के बीमा उत्पाद, सरकारी स्वर्ण बांड जैसे निवेश उत्पाद समेत अन्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा। रूचि पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2019 है।

फ्लिपकार्ट लाया अपना क्रेडिट कार्ड

मुंबई (आरएनएस)। फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग करते हैं और कभी-कभार पैसे न होने के चलते आप अपने हाथ पीछे खींच लेते हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। अब अपने अकाउंट बैलेंस की चिंता छोड़ फ्लिपकार्ट आपको शॉपिंग का मौका देगा। ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म फ्लिपकार्ट, ऐक्सिस बैंक और मास्टरकार्ड के साथ मिलकर को-ब्रैंडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ ही कंपनी ऐमजॉन,पीटीएम और ओला जैसी उन इंटरनेट कंपनियों में शामिल हो गई है जिनके को-ब्रैंडेड क्रेडिट कार्ड हाल में लॉन्च हुए हैं।

साझेदारी में लॉन्च किए गए इस क्रेडिट कार्ड के मामले में रिस्क ऐनालिसिस, कार्ड जारी करने, पेमेंट प्रोसेस करने, केवाईसी, अंडरराइटिंग और डिस्काउंट-कैशबैक मैनेज करने आदि का काम ऐक्सिस बैंक देखेगा, जबकि फ्लिपकार्ट मार्केटिंग और प्रमोशन का काम देखेगा। कंपनी का लक्ष्य साल 2020 के मध्य तक 10 लाख क्रेडिट कार्ड इशू करने का है।

यह क्रेडिट कार्ड न्यू-टु-क्रेडिट यानी नए क्रेडिट कस्टमर्स को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे कैश ऑन डिलिवरी ऑर्डरों में कमी आएगी। फ्लिपकार्ट इस कार्ड के जरिए क्रेडिट इंडस्ट्री में बड़ी संभावनाएं देख रहा है। फ्लिपकार्ट में पहले ही बाय नाउ, पे लेटर(खरीदो अभी, पेमेंट बाद में) का फीचर है। ऐसे में क्रेडिट कार्ड की सुविधा नए यूजर जुटाने में काफी मददगार साबित होगी।

दही कबाब जानिए बनाने की विधि...

वैसे तो कबाब कई तरह के बनाए जाते हैं, लेकिन दही कबाब की बात ही अलग है। वेज कबाब में इसका कोई मुकाबला नहीं है। चाहे छुट्टी का दिन हो या फिर घर पर कोई मेहमान आया हो, इसे बनाना एक अच्छा विचार हो सकता है।

दही कबाब बनाने के लिए आपको हंगकर्ड की जरूरत होगी। इसके लिए पहले दही का पानी अच्छी तरह निकालें। अब एक पैन में साबूत काली मिर्च और धनिया को सूखा भून लें। फिर इन्हें पीसकर पाउडर बना लें। इसके बाद एक पैन में बेसन को थोड़ी से देर के लिए भूनें। फीलिंग तैयार करने के लिए एक बाउल में कटा हुआ प्याज निकालें। इसमें हरी मिर्च, कटी हुई अदरक, किश्मिश, काजू, कालीमिर्च और धनिया पाउडर, नमक व पनीर डालें। इन सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें।

अब पानी निकाली हुई दही को एक बाउल में लें और उसमें नमक, कालीमिर्च और धनिये का पाउडर, चिली फ्लेक्स, हरी मिर्च, हरा धनिया, पनीर, भूना हुआ बेसन और कॉर्न फ्लोर डालें। इन सभी सामग्री को एक साथ मिक्स कर डो तैयार कर लें। अब इस डो को छोटे-छोटे हिस्से में बांटे और इसमें फीलिंग भरकर गोलाकार की टिक्की के रूप में तैयार कर लें। इन टिक्कियों को तेल में गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई कर लें। आपके दही कबाब तैयार हैं। इन्हें आप पुदीने की चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 23

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 22 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 23

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.22 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6